# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक– 9/अ0प्र0–04 ध्या0–04/2024 4089 अ0 /पटना, दिनांक– 24/7

प्रेषक,

ई0 भगवत राम,
अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

सेवा में,

अभियंता प्रमुख,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः बिहार विधान परिषद् के 207वें सत्र के लिए माननीय श्री तरूण कुमार, स0वि0प0 से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रश्न संख्या– 162/2024 का हस्तानान्तरित करने के संबंध में।

प्रसंगः बिहार विधान परिषद्, सचिवालय का पत्र ज्ञापांक– वि0प0अ0प्र0–162/2024 – 1233(1) वि0प0 दिनांक 22.07.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक श्री तरूण कुमार, माननीय स0वि0प0 से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रश्न संख्या– 162/2024 के प्रसंग में कहना है कि पथ निर्माण में प्रयुक्त होने वाले बिटुमिन एवं इमल्सन का क्रय स्थानीय निर्माता कम्पनी से करने के संबंध में है।

इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन क्रियान्वित सभी योजनाओं में IRC की विशिष्टि एवं राज्य दर अनुसूची में उद्धरण के अनुरूप संवेदक द्वारा सामग्री का क्रय किया जाता है। बिहार राज्य में पथ निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्रियों यथा बिटुमिन एवं इमल्सन का दर सरकारी कम्पनियों से दर प्राप्त कर Schedule of Rate Committee, पथ निर्माण विभाग द्वारा किया जाता है।

चूँकि प्रश्न दो विभागों यथा– ग्रामीण कार्य विभाग एवं पथ निर्माण विभाग से संबंधित है। पथ में प्रयुक्त होने वाली किसी भी सामग्री का दर निर्धारण हेतु अधिकृत विभाग, पथ निर्माण विभाग है।

अतएव उक्त ध्यानाकर्षण का समेकित उत्तर प्रतिवेदन तैयार करने हेतु आपको हस्तानान्तरित की जाती है।

अनु0ः– यथोक्त।

विश्वासभाजन

24/07/2024

(भगवत राम)
अभियंता प्रमुख–सह–
अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव